# भाजपा नहीं,लिफाफा जीतता है...सावधान रहें : भूरिया

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** महंगाई, बेरोजगारी एवं भ्रष्टाचार से जनता भाजपा कुशासन से बुरी तरह नाराज है, उनका वोट और सत्ता लाने की ताकत कांग्रेस कार्यकर्ता में है, चुनाव में प्रचार के बदल रहे ढंग को स्वीकार कर स्थानीय समस्या पर संघर्ष करें।



**भाजपा कुशासन से जनता नाराज, स्थानीय समस्या पर संघर्ष करें : संजय दत**

यह बात अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव तथा इंदौर उज्जैन संभाग के प्रभारी संजय दत्त ने कहीं। आप होटल जलसारा में आयोजित जिला समन्वय समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया ने आरोप लगाते हुए कहा कि रतलाम में भाजपा नहीं जीतती है, लिफाफा चुनाव जीत रहा है। दगाबाजों को सबक सीखना है। जो कांग्रेस छोड़ भाजपा में गए, वे सड़क पर आ गए। मछली की तरह कांग्रेस में आने को तड़प रहे हैं।

कांग्रेस जिलाअध्यक्ष हर्षविजय गहलोत ने कहा कि किसान मजदूर आदिवासी इस सरकार से त्रस्त है, दुखी है। सैलाना में किसान आंदोलन से घबराकर मुख्यमंत्री को सैलाना आना पड़ा। और किसानों को झूठे लॉलीपॉप दिए। शहर अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता एक्टिव हो गया है, वार्ड लेवल से लेकर बूथ लेवल तक हमारी कमेटी बन गई है। नगर निगम भी जीतेंगे और विधानसभा भी जीतेंगे। इस अवसर पर सभी ने एक मत से वोटर लिस्ट में भाजपा द्वारा की जा रही गड़बड़ी पर जिला प्रशासन को चेतावनी दी। भूरिया ने कहा कि कहां की अधिकारी भाजपा के एजेंट बनकर काम कर रहे हैं। बैठक में चंद्रशेखर शर्मा, रामचंद्र धाकड़, राजेश भरावा, दिलीप कुमावत, प्रदीप राठौर, ओम प्रकाश पाटीदार, भेरुलाल परमार, यासमीन शेरानी, राजेश पटेल रजनीकांत व्यास, सोहेल काजी, नरेंद्र चन्दांवत, सुरेश डिंडोर, सलीम बागवान, ओमप्रकाश पाटीदार आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर पूर्व विधायक पारस सकलेचा, पूर्व शहर अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, प्रदेश कार्यकारिणी सचिव युसूफ कडपा, सह प्रभारी हरदेव जाट, मंदसौर प्रभारी मनोज राजानी, प्रभु राठौड़, मेहमूद शेरानी, शांतु गवली, मंगल पाटीदार, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम चाहर, वंदना पुरोहित, आशा रावत, प्रदेश महिला सेवादल अध्यक्ष संगीता कांकरिया, राकेश सोलंकी, मंगलेश कसेरा,आदि उपस्थित थे।

**आरोप वोट चोरी कर जीते**

संजय दत्त ने बताया कि हरियाणा, महाराष्ट्र, बिहार में कांग्रेस जीत रही थी, दो तिहाई बहुमत की बात थी, लेकिन वोट चोरी करके चुनाव जीत गए। अब हमें सजग रहना है। रतलाम जिले में वोट चोरी के भाजपा के षड्यंत्र को नाकाम करने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को ताकत लगाना है।

# एसआईआर के अंतिम पखवाड़े को गंभीरता से लें कार्यकर्ता :कैबिनेट मंत्री काश्यप

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एसआईआर का कार्य 14 फरवरी तक चलेगा। अंतिम पखवाड़े में नो मैपिंग के सूचना पत्र जिन मतदाताओं को मिले है, उनके नाम दर्ज करने की कार्रवाई होगी। भाजपा कार्यकर्ता ऐसे मतदाताओं के सतत संपर्क में रहे और उनकी गंभीरता से मदद करें।

**मंत्री ने पांचों मंडलों की बैठक लेकर दिए निर्देश**

यह बात सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने एसआईआर के अब तक हुए कार्य की समीक्षा करते हुए कही। रतलाम शहर विधानसभा के पांचों भाजपा मंडलों की बैठक में उन्होने मंडल वार एसआईआर के कार्य की जानकारी ली और पार्टी के अन्य कार्यक्रमों के साथ एसआईआर का कार्य भी प्राथमिकता में रखने का आव्हान किया।



बैठक में एसआईआर जिला टोली संयोजक नितिन लोढ़ा, विधानसभा संयोजक जयवंत कोठारी, मंडल अध्यक्ष निलेश गांधी, मयूर पुरोहित, आदित्य डागा, नंदकिशोर पंवार, सोना शर्मा, मंडल महामंत्री हेमंत राहोरी, सुबेंद्रसिंह गुर्जर, विवेक शर्मा, निखिल बोरीवाल, संदीप मौर्य, आकाश खड़के, शुभम चौहान, भावना गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### सरल,सादगी व्यक्तित्व के धनी गेहलोत : कैलाशी चारेल




**सैलाना।** जनपद पंचायत में भाई साहब के नाम से ख्यात सहायक ग्रेड तीन पर पदस्थ राजेश गेहलोत ने अपनी 36 वर्षों की सेवा पूर्ण कर शुक्रवार को सेवानिवृत हुए। जनपद पंचायत कार्यालय प्रांगण में आयोजित गहलोत के विदाई समारोह मे जनपद पंचायत अध्यक्ष केलाशी चारेल सीईओ रिया गेरा, जनपद प्रतिनिधि, जनपद कर्मी क्षेत्र के पंचायत सचिव, सहायक सचिव, गेहलोत परिवार सहित बड़ी संख्या मे इष्टमीत्र उपस्थित थे। इस दौरान श्री गेहलोत का विभिन्न संस्थाओ ने शाल श्री फल से सम्मान किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्री मति चारेल ने श्री गेहलोत के सेवाकार्य की सराहना करते हुए कंहा की आज के दौर मे जिस सरल व सादगी पूर्ण जीवन से श्री गेहलोत ने अपनी सेवाए दी वह बिरले कर्मचारी मेही दिखने को मिलती है। जनपद सदस्य प्रभु भाभर, जनपद सीईओ रिया गेरा, पूर्व विधायक हर्षविजय गेहलोत, नगर परिषद अध्यक्ष चैतन्य शुक्ला, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष जगदीश पाटीदार, पार्षद मंगलेश कसेरा, कार्यालईन स्टाप, पंचायत सचिव, सहायक सचिव सभी ने एकमत से श्री गेहलोत की सादगी पूर्ण सेवा का उल्लेख करते हुए कंहा की मालवा क्षेत्र के गांधी के नाम से शुमार पूर्व मंत्री व लम्बे समय तक विधायक रहे प्रभुदयाल गेहलोत के ज्येष्ठ पुत्र होने के बाद भी श्री गेहलोत ने अपनी सेवा के बीच परिवार के राजनैतिक ओहदे की छाया तक नहीं पढ़ने दी। श्री गेहलोत पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष शेखर गेहलोत व पूर्व विधायक हर्षविजय गेहलोत से बड़े व अपनी इकलौती बहन नूतन वास्कले से छोटे है। कार्यक्रम के दौरान जनपद पंचायत के समस्त कार्यालय परिवार,पंचायत सचिव, सहायक सचिव ने श्री गेहलोत को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान करते हुए स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की इस अवसर पर कार्यालइन परिवार व इष्ट मित्रो ने श्री गेहलोत का गाजे बाजे के साथ जुलुस निकालकर उन्हें घर तक छोड़ने पहुंचे। संचालन रतन लाल चरपोटा ने व आभार आनंद मालवीय ने माना।

### नवोदय विद्यालय आलोट में आदि शाश्वत प्रियाजी मसा का आगमन

**आलोट।** नागेश्वर विहार करते समय अपने शिष्यों के जैन संत शाश्वत प्रियाजी मसा का मुनि मंडल के साथ पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय आलोट में आगमन हुआ। विद्यालय प्राचार्य शांतिलाल तेली एवं विद्यालय परिवार द्वारा शाश्वत प्रियाजी मसा की अगुवाई की। मसा ने विद्यालय में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए राष्ट्रभक्ति, देशभक्ति,विद्या को प्राप्त करते हुए माता पिता एवं गुरुजनों के प्रति विनयशील रहना,माता पिता की आज्ञा पर चलना साथ ही संयम,त्याग की भावना के साथ समर्पण रहते हुए अपने विद्यार्थी जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने का मंत्र दिया। मसा ने विद्यार्थियों को माता, पिता एवं गुरुजनों का आशीर्वाद किस प्रकार प्राप्त करना इसका बोध कराया। मसा ने विद्यालय की गतिविधियों एवं कार्य प्रणालियों को देखकर विद्यालय के कुशल संचालन एवं प्रबंधन के साथ पुस्तकालय में साहित्य एवं पुस्तकों, प्रयोगशालाओं, स्किल डेवलपमेंट, अटल टैंकरिंग लेब, सैमसंग, कंप्यूटर लेब, सुव्यवस्थित कार्यालय, डिजिटल कक्षाओं के साथ कला नृत्य संगीत आदि की सराहना करते हुए नवोदय विद्यालय के शिक्षकों को विद्यार्थियों के माता पिता की कमी का अहसास नहीं होने देने की बात कही। मसा ने यह बताया कि संपूर्ण मालवा भ्रमण के दौरान यहां पर गुरुकुल जैसा वातावरण,असीम शांति के साथ सकारात्मक आध्यात्मिक अनुभूति का अनुभव हुआ।

# पुलिस देख बेरिकेड्स तोड़ भागे,पुलिस ने पकड़ा लाखों का डोडाचूरा

नवभारत न्यूज

**रतलाम/जावरा।** जिले की रिंगनोद पुलिस ने कार से तस्करी कर ले जाया जा रहा ढ़ाई लाख रूपए से ज्यादा मूल्य का 140 किलो डोडाचूरा बरामद किया। पुलिस को बीती रात्रि वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध टाटा हैरियर कार

**आरोपी गाड़ी छोड़ कर भागा, माननखेड़ा पुलिस जुटी तलाश में**

क्रमांक जीजे 06पीए 0016 दिखी। जिसे रोकाने की कोशिश करने पर वाहन चालक बैरिकेट्स तोड़ते हुए कार को मंदसौर की ओर लेकर भागने लगे। वाहन के संदिग्ध होने पर पुलिस टीम द्वारा पीछा किया गया। चालक द्वारा लसुडिया ईला अंडर ब्रिज के पास कार को सड़क किनारे छोड़कर अंधेरे का लाभ उठाते हुए फरार हो गया। पुलिस द्वारा वाहन की विधिवत तलाशी लेने पर कार में भारी मात्रा में मादक पदार्थ डोडा चूरा पाया गया। जिसे पुलिस टीम द्वारा एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के अंतर्गत जप्त किया। पुलिस ने वाहन से 7 बोरों में कुल 140 किलोग्राम डोडा चूरा, जिसकी अनुमानित कीमत 2,80,000 एवं टाटा हैरियर कार (सफेद रंग) अनुमानित कीमत 20,00,000 आंकी। इस प्रकार कुल जप्त मशरूका की कीमत 22,80,000 हैं। उक्त मशरूका को विधिवत जप्त कर थाना रिंगनोद पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। वाहन चालक, वाहन मालिक एवं डोडा चूरा के परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में विवेचना जारी है।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका:** इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी, रिंगनोद निरीक्षक आनंद सिंह आजाद,चौकी प्रभारी, माननखेड़ा उप निरीक्षक राजेश मालवीय,कार्य प्रआर हर्षवर्धन सिंह, आर घनश्याम कुमावत, संतोष कुमार, अनिल डांगी, मुकेश, नरेन्द्र, सै. सुरेश उपाध्याय, जालमसिंह और शांतिलाल बामनिया की विशेष भूमिका रही।

**पुलिस ने कार से पकड़ी अवैध शराब**

थाना प्रभारी बरखेड़ा कला रविंद्र कुमार दंडोतिया के नेतृत्व में सोनी रमेश चंद्र भंभोरिया द्वारा अपनी टीम के साथ बीती रात्रि में मुखबिर सुचना पर ग्राम बरखेड़ा कला वह ग्राम हरिया खेड़ा के मध्य पर एक कार हुंडई वेन्यू वाहन क्रं. जीजे 01केवी 0836 से 15 पेटी देशी शराब व 3 पेटी बीयर कुल 18 पेटी अवैध शराब को विधिवत् जब्त किया। उक्त घटना में आरोपी भारत पिता भगवान गुर्जर निवासी ग्राम रजला का मौके से भाग गया आरोपी के विरुद्ध थाना बरखेड़ा कला पर धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस के अनुसार भारत सिंह पिता भगवान सिंह गुर्जर निवासी ग्राम रजला थाना बरखेड़ा जिला रतलाम फरार हैं। कार्रवाई में निरीक्षक रविंद्र दंडोतिया,सउनि रमेश चंद्र बंबोरिया, आरक्षक मुकेश दांगी ओमप्रकाश गुर्जर, ईश्वर धाकड़ व शकील की सराहनीय भूमिका रही।

# श्री गीता मंदिर का 59वां स्थापना दिवस मनाया

**रतलाम।** श्री गीता मंदिर का 59 वां स्थापना दिवस शनिवार को मनया गया। इस दौरान दोपहर में महाआरती की गई।

श्री गीता मंदिर की स्थापना वर्ष 1967 में हुई थी। मंदिर का

**मंदिर पर दोपहर में हुई महाआरती**

59वां स्थापना दिवस शनिवार, 31 जनवरी 2026 को श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दोपहर 12 बजे विशेष आरती का आयोजन किया गया।

आरती पंडित चेतन जोशी द्वारा संपन्न कराई गई, जिसके पश्चात भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। आरती में नरेंद्र व्यास, संजय व्यास, शंकरलाल राजोरिया, उमाशंकर पालीवाल, सरोज ओझा, गोरधर लाल जसूजा, ज्योति पुरोहित, श्लेष खंडेलवाल, लीला ठक्कर, नीतू व्यास, वीरेंद्र वाफगावकर, हरीश रत्नावत, सुभाष उपाध्याय, महेश शर्मा, मिलिंद कारेंडीकर, बाबूलाल चौधरी, गोरधर जड़वासा, प्रशांत व्यास, प्रतिमा ठक्कर, मधु रत्नावत, रेणु व्यास, संगीता शर्मा, सुनीता मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में भक्तों ने भक्ति भाव से आरती में सहभागिता की और मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। उक्त जानकारी श्री गीता मंदिर ट्रस्ट द्वारा दी गई।

# कार्बेट टैंक फटने से वेल्डिंग दुकान में धमाका

**रतलाम।** सैलाना बस स्टैंड मुख्य पोस्ट ऑफिस के सामने न्यू जनरल डीजल इंजीनियरिंग एंड वेल्डिंग वकर्स की वेल्डिंग दुकान हैं। जहां शनिवार दोपहरको वेल्डिंग की जा रही थी। इसी दौरान वेल्डिंग में इस्तेमाल होने वाली एसिटिलीन (कार्बेट) टंकी में विस्फोट हो गया। बताया जा रहा है कि टंकी करीब 10 फीट तक बाहर रोड पर आ गई। हादसे के समय रोड पर कोई नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। मौके पर नायब तहसीलदार मनोज चौहान, स्टेशन रोड थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह यादव व अन्य अधिकारी पहुंचे। पुलिस के अनुसार दुकानदार का नाम इमामुद्दीन (80) पिता कमरुद्दीन मंसूरी 80 साल निवासी जवाहर नगर है। दुकान संचालक ने बताया इस टंकी (सिलेंडर में) में पानी भरा रहता है। जिसमें करीब 50 ग्राम कार्बेट का टुकड़ा डालने पर गैस बनती है। इससे और ऑक्सीजन गैस मिलाकर (अलग-अलग नलियों से) वेल्डिंग की जाती है। घटना में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई। टैंक फटने की घटना सीसीटीवी में कैद हुई है।हादसे से इससे क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई।

# रेलवे का 'मेरा टिकट, मेरी शान' अभियान

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल पर उचित टिकट के साथ यात्रा कर देश के विकाश में योगदान देने के लिए मेरा टिकट मेरी शान अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए मंडल के रतलाम, उज्जैन, इंदौर एवं चित्तौड़गढ़ रेलवे स्टेशन पर आकर्षक सेल्फी प्वाइंट बैक ड्रॉप एवं स्टैंडी लगाया गया है। 31 जनवरी 2026 को रतलाम रेलवे स्टेशन पर पद्मश्री डॉ. लीला जोशी रतलाम मंडल वाणिज्य विभाग के इस अभियान में शिरकत की। पद्मश्री डॉ. जोशी ने इस अभियान की तारीफ करते हुए कहा कि इस प्रकार के अभियान लोगों में खासकर बच्चों एवं युवाओं में एक नए संस्कार का विकास होता है। उन्होंने भी उचित टिकट के साथ यात्रा कने के लिए यात्रियों को प्रेरित किया, क्योंकि छोटे छोटे सहयोग से भी बड़ा लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इसके साथ ही यात्रियों को रेलवन ऐप के फायदे के बारे में भी यात्रियों को जागरूक किया गया। पश्चिम रेलवे रतलाम मण्डल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार डॉ. लीला जोशी ने यात्रियों को संबोधित करते हुए टिकटविहीन यात्रा के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला और कहा कि वैध टिकट यात्रियों की गरिमा और रेलवे की संपत्ति का सम्मान है। उन्होंने अभियान को यात्रियों के बीच जागरूकता फैलाने का एक सशक्त माध्यम बताते हुए सभी से इसका पालन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में रेलवे अधिकारियों, स्थानीय यात्रियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। पश्चिम रेलवे द्वारा संचालित यह अभियान टिकटविहीन यात्रा को रोकने और यात्रियों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करने करता है। श्री कुमार ने कहा कि डॉ. जोशी के मार्गदर्शन से यह कार्यक्रम और प्रभावी सिद्ध हुआ है।




# भगवान श्री विश्वकर्मा प्रकटोत्स पर गूंजे जयकारे

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** विश्वकर्मा पांचाल समाज रतलाम द्वारा शनिवार को पारंपारिक रूप से भगवान विश्वकर्माजी का प्रकटोत्सव मनाया गया। विश्वकर्मा मंदिर ओसवाल नगर से शोभायात्रा वाहन रैली के रूप में निकाली गयी।

**भव्य शोभायात्रा के साथ हुए कई आयोजन**

शहर के मुख्य मार्ग होते हुए चल समारोह कार्यक्रम स्थल पहुंचा, जहां पर हवन-पूजन महा आरती के साथ सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शहर में चल समारोह का जगह-जगह स्वागत किया गया।

चल समारोह एवं समाज अध्यक्ष संदीप समरथमल पांचाल ने बताया कि सुबह ओसवाल नगर स्थित भगवान विश्वकर्माजी के मंदिर से भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना एवं हवन किया गया। इसके बाद शास्त्री नगर स्थित साई मंदिर परिसर विश्वकर्मा कृपाधाम मंदिर में महा आरती एवं हवन पूजन कर पुन: शोभायात्रा प्रारंभ कर सेलाना बस स्टैंड,राममंदिर, अलकापुरी, नया गांव से होती हुई नया गांव मंदिर परिसर तक निकाली गई। चल समारोह में रतलाम पांचाल समाजजन शामिल हुए। नयागांव विश्वकर्मा मंदिर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित एवं क्षेत्रीय पार्षद देव श्री पुरोहित एवं पार्षद माया पांचाल के आतिथ्य में महाआरती व सम्मान समारोह हुआ। मंडल अध्यक्ष श्री पुरोहित ने कहा कि सृष्टी के निर्माता है भगवान विश्वकर्माजी के आशीर्वाद से समाज निरंतर समृद्धशाली बन रहा है। विश्वकर्मा बंधु हर क्षेत्र में प्रगति रहे है। देश के नव निर्माण में भी विश्वकर्मा समाजजनों का महत्वपूर्ण योगदान है। इस दौरान समाज अध्यक्ष संदीप समरथमल पांचाल ने समाज की धर्मशाला हेतु खरीदी गई जमीन के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि भगवान विश्वकर्मा को सृजन और निर्माण का देवता माना जाता है। वे दुनिया के पहले शिल्पकार, वास्तुकार और इंजीनियर थे। भगवान विश्वकर्मा ने ही इंद्रपुरी, द्वारका, हस्तिनापुर, स्वर्गलोक और लंका का निर्माण करवाया था। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के लिए द्वारिका नगरी का निर्माण भी किया था। भगवान शिव का त्रिशूल और भगवान विष्णु का सुदर्शन चक्र भी तैयार किया था। संचालन महासचिव पुरुषोत्तम पांचाल व आभार महामंत्री राहुल बालाराम पांचाल ने माना। इस मौके पर पांचाल समाज के गणमान्य नागरिकों के साथ साथ महिलाएं एवं पुरुष विशेष रूप से उपस्थित थे।



# एमपीआरडीसी ने प्लांट डालने तैयारी की तो गहराया विवाद

नवभारत न्यूज

**जावरा/बड़ावदा।** जावरा भूतेडा मार्ग पर ग्रीन फील्ड रोड़ के चौड़ीकरण में आने वाली समस्याओं एवं विभिन्न मांगों को लेकर जन संघर्ष समिति द्वारा डेढ़ साल से विरोध किया जा रहा है।

समिति के विरोध के बाद अभी रोड़ को लेकर

**ग्रीन फील्ड रोड़ को लेकर जन संघर्ष समिति डेढ़ साल से जता रही विरोध**

कोई स्थिति स्पष्ट नहीं हुई लेकिन एमपीआरडीसी ने यहां प्लांट डालने की तैयारी शुरू कर दी। जिसके सामान भी आ चुके है। इस आशय की जानकारी समिति के असलम मेव को मिली तो वे शनिवार शाम चार बजे अपने साथियों के साथ पहुंच गए।

एमपीआरडीसी के प्रबंधक विजय सिंह के समक्ष अपना विरोध जताया लेकिन उन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं दिया, जिससे सदस्यों ने नाराज होकर लाए गये भारी भरकम सामनों को हटा दिया। जिसको लेकर काफी माथा पच्ची भी हुई। समिति सदस्यों ने बताया कि पीड़ित, असहाय, किसान मुआवजे की मांग करते रहे, हमें बताया गया कि यह रोड़ अभी स्थगित कर दिया गया। यही नहीं चौड़ीकरण, ग्रीन फील्ड का डिसाइड नहीं हुआ, फिर यह धोखेबाजी कैसे की जा रही है। डेढ़ साल से धारा 11 का निराकरण नहीं हुआ। धारा 19 नहीं लगी। जमीन भी नहीं नपी, फिर कैसे प्लांट डाला जा रहा है, यह विचारणीय है।



असलम मेव,गोपाल धाकड़, कमलेश मेहता, दुर्गालाल धाकड़, जीवन कुमावत, नागेश्वर पाटीदार, दिनेश पाटीदार, विनोद कुमावत, अर्पित पाटीदार, भावेश पाटीदार, दिनेश नायमा, अंबाराम पाटीदार, प्रभुलाल सेन ने एमपीआरडीसी के अधिकारियों को चेतावनी दी है कि यदि हमारी वाजिब मांगे माने बिना रोड़ बनाने की शुरुआत की गई तो इसे हरगिज पूरा नहीं होने देंगे।

# चल समारोह निकालकर अष्टापद तीर्थ में चढ़ाई ध्वजा

**जावरा।** अष्टापद जैन तीर्थ में शनिवार को भाग्य यशा श्रीजी आदि ठाना की निश्रा में मुख्य मंदिर, समोशरण मंदिर एवं दादावाड़ी में वार्षिक ध्वजारोहण कार्यक्रम मनाया गया। मुख्य मंदिर ध्वजा के लाभार्थी जयकुमार वेद रायपुर, समोसारण मंदिर के लाभार्थी पुष्पासिंह मुंबई, दादावाड़ी ध्वज के लाभार्थी संजोग झाबक रायपुर ने अपने विधि विधान के साथ सकल संघ एवं ट्रस्ट मंडल के सदस्यों की उपस्थिति में ध्वजा का चल समारोह निकालकर ध्वजा चढ़ाई है। अष्टापद तीर्थ सचिव रविंद्रसिंह श्रीमाल ने बताया कि इस दौरान सभी लाभार्थी परिवार का ट्रस्ट मंडल द्वारा बहुमान किया गया। इस दौरान अष्टापद ट्रस्टमंडल अध्यक्ष जयंतीलाल दख, संरक्षक डॉ सुरेश मेहता, कोषाध्यक्ष मनीष कोचर, सहसचिव नितेश बांठिया, कार्यकारिणी के सरदार चोरोडिया, डॉ सुनील चोपड़ा, विजय बोरदिया, मालवा महासंघ के अध्यक्ष ठाकुर बसंतसिंह श्रीमाल, सतीश श्रीमाल सहित जावरा, ताल, रिंगनोद, आलोट, इंदौर आदि शहर, गांव के श्रावक श्राविका उपस्थित थे।

**समारोह** | **मॉडल स्कूल में 12 वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह संपन्न**

# विदाई सिर्फ तन से, मन से तो आप साथ रहेंगे




नवभारत न्यूज

**जावरा।** आपकी विदाई सिर्फ तन से हो रही है मन से तो आप हमसे साथ रहेंगे। विदाई सिर्फ इसलिए कि आप उच्च शिक्षा हेतु किसी अच्छे कॉलेज में प्रवेश ले एवं अपना भविष्य सुनहरा और सुरक्षित करें।

उक्त बात मॉडल स्कूल प्राचार्य निर्मला बैरागी ने विद्यालय में आयोजित कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों की विदाई समारोह में कहीं। महिमा एंड निधि ग्रुप ने मां सरस्वती का पूजन नृत्य के माध्यम से की। उप प्राचार्य अलका पगारिया ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन का महत्व बता कर उनके सुंदर भविष्य की कामना की। खेल शिक्षक मनुदेवसिंह चंद्रावत ने भी अपने शब्दों के माध्यम से 12वीं के विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण का महत्व बताया। कक्षा 12 वीं के समस्त विद्यार्थियों को प्रतीक स्वरूप पुरस्कार प्रदान किए। वर्ष भर में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियां एवं गतिविधियों के लिए पुरस्कृत कियो। जिसमें सर्वाधिक उपस्थिति के लिए अंजलि वर्मा, बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर का पुरस्कार आशीष मंडवार, डिसिप्लिन विद्यार्थी वेदिका धाकड़, बेस्ट प्लेयर डॉली मोदी, नॉटी स्टूडेंट नैतिक शर्मा, बेस्ट पर्सनैलिटी कुमारी सानिया एवं मयंक नीमा, मिस्टर इवनिंग हर्षभ पांचाल, मिस इवनिंग जान्हवी चंदेल को दिया। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए मनोज चतुर्वेदी, हेमंती रानी, राकेश राठौर, शेरसिंह सिसोदिया, मनीष जाजोदिया, दीपक परमार, मांगीलाल द डिंग, दीपक जैन, जितेंद्र पाटीदार ने भी अपने शब्दों से उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन महेश कुमार नोटिया, ममता शर्मा और जितेंद्र सोनी के मार्गदर्शन में विपुल, तुषार, देवकीनंदन, सादिया, रविराज, कुलदीप, निधि, तोशिका, दीपिका, हर्षित लक्ष्य, उमयानी ने किया।

**यह रहे मौजूद**

मनोहर सिसोदिया, डोंगरसिंह खन्ना, जगपालसिंह चंद्रावत, दीपक जैन, दीपक परमार, मनीष जाजोदिया, शेरसिंह सिसोदिया, फहीम अख्तर, मुकेशदास बैरागी, जितेंद्र सोनी, जितेन पाटीदार, लखन राठौर, पंकज सोनी, प्रीती मेहता, प्रियंका पटवा, महक मंसूरी, रानेश त्रिवेदी, चंचल राठौर, ममता शर्मा, शिक्षा सोनी, नंदनी जोशी, दिव्या टी नायर, विनायका धनोतिया, प्रियंका डाबीया, सारिका प्रजापत, सलमा खान, योगिता दुबे मेंरियम वर्मा आदि उपस्थित रहे।